भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न सं. 25
गुरूवार, 3 फरवरी, 2022/14 माघ, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

छत्तीसगढ़ में पर्यटन के विकास के लिए प्राथमिकता वाली योजनाएं

25 **श्री राम विचार नेतामः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ में पर्यटन के विकास के लिए प्राथमिकता वाली योजनाओं का तथा इन योजनाओं हेतु आवंटित निधि का ब्यौरा-क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान आवंटित धनराशि में से किन-किन योजनाओं पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कितनी-कितनी धनराशि शेष है;

(ग) क्या सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु राज्यों को विशेष पैकेज दिया जाता है, यदि हां, तो छत्तीसगढ़ को किसी प्रकार का विशेष पैकेज कब प्रदान किया गया है; और

(घ) क्या सरकार द्वारा उक्त परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में कोई निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ) : एक विवरण सभापटल पर रख दिया गया है ।

*****

छत्तीसगढ़ में पर्यटन के विकास के लिए प्राथमिकता वाली योजनाओं के संबंध में दिनांक 03.02.2022 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न सं. 25 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

(क) और (ख) : पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास हेतु 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) पर राष्ट्रीय मिशन' योजनाओं के तहत छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान की है । इसके अतिरिक्त आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार को मेलों/महोत्सवों तथा पर्यटन संबंधी समारोहों के आयोजन के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है । छत्तीसगढ़ राज्य को स्वदेश दर्शन, प्रशाद योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं और मेलों/महोत्सवों तथा पर्यटन संबंधी समारोहों के आयोजन के लिए प्रदत्त वित्तीय सहायता का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

(ग) : पर्यटन मंत्रालय, पर्यटन के विकास के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष पैकेज स्वीकृत/प्रदान नहीं करता है ।

(घ) : पर्यटन मंत्रालय फील्ड निरीक्षणों और राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों के साथ समय-समय पर आयोजित बैठकों के माध्यम से परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति की निगरानी करता है । इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक डैशबोर्ड तैयार किया है ।

*****

अनुबंध

छत्तीसगढ़ में पर्यटन के विकास के लिए प्राथमिकता वाली योजनाओं के संबंध में दिनांक 03.02.2022 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न सं. 25 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	राज्य	परिपथ का नाम	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि	उपयोग की गई राशि
वर्ष 2015-16						
1.	छत्तीसगढ़	जनजातीय परिपथ	छत्तीसगढ़ में जशपुर-कुंकुरी-मैनपत-कमलेश्वरपुर-महेशपुर-कुरदार-सरोधादादर-गंगरेल-कोंडागांव-जगदलपुर- चित्रकूट-तीरथगढ़ में जनजातीय पर्यटन परिपथ का विकास	96.10	84.81	79.15

प्रशाद योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	अनुमोदित लागत	निर्मुक्त राशि	उपयोग की गई राशि
वर्ष 2020-21					
1.	**छत्तीसगढ़**	माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनन्दगांव, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास	43.33	12.16	8.36

आतिथ्य (डीपीपीएच) सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार योजना के तहत मेलों और महोत्सवों तथा पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता

(लाख रु. में)

राज्य	वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि
छत्तीसगढ़	2014-15	मेले और महोत्सवों के लिए सीएफए	50.00	50.00
	2018-19	बस्तर दशहरा लोकोत्सव	10.00	10.00
		राजिम कुंभ महोत्सव और भोरमदेव महोत्सव	15.00	15.00
	2019-20	राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव	20.00	20.00

*****